छापेमारी में डाबर कंपनी का नकली सामान बरामद

Publish Date:Tue, 17 Jul 2018 11:29 PM (IST)

गोपालगंज। शहर के मारवाड़ी मोहल्ला से मंगलवार को एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान से डाबर कंपनी का नकली समान बरामद किया गया। बरामद किए गए सामान की कीमत हजारों रुपये बताई जाती है। इस संबंध में डाबर इंडिया कंपनी के कर्मी के बयान पर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि डाबर इंडिया कंपनी के कर्मी मोहम्मद सादुल्लाह को सूचना मिली कि शहर के मारवाड़ी मोहल्ला में स्थित सावरिया ट्रेडर्स नामक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में डाबर कंपनी के नकदी तेज व अन्य सामानों को रखा गया है। इस सूचना के बाद कर्मी ने नगर थाने की पुलिस के साथ प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान डाबर कंपनी के कई नकली प्रोडक्ट को बरामद किया गया। इस संबंध में कंपनी के कर्मी के बयान पर नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें मारवाड़ी मोहल्ला के निवासी रमेश अग्रवाल को नामजद आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/gopalganj-duplicate-product-found-18208965.html